मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 44 ■ अंक : 56 ■ मंगलवार 5 मई 2026 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

शाहरुख का हाथ पकड़े नजर आईं दीपिका

# जींस फैक्ट्रियां ग्रामीण इलाकों में फैला रही प्रदूषण

## पानी के सोर्स खतरे में

## वालधुनी के बाद, केमिकल पानी से दूसरी नदियां भी प्रदूषित





**उल्हासनगर.** सामाजिक कार्यकर्ता शशिकांत दयामा ने आरोप लगाया कि 2017 में शहर से हटाई गईं जींस वॉश फैक्ट्रियां ग्रामीण इलाकों में पैर पसार रही हैं। इन फैक्ट्रियों की वजह से नदी के प्रदूषण का मुद्दा फिर से सामने आया है।

उल्हासनगर के कैंप नंबर 4 और 5 इलाकों में सैकड़ों जींस वॉश फैक्ट्रियों ने वालधुनी नदी को प्रदूषित कर दिया है और पानी के सोर्स को खतरे में डाल दिया है। मनपा और प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड ने सैकड़ों जींस वॉश फैक्ट्रियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें सील कर दिया है। वालधुनी के बाद अब उल्हास, मुकी, गवर और कसाडी नदियों के प्रदूषण का मुद्दा सामने आया है।

दायमा ने आरोप लगाया कि चिखलोली, वसार, मानेरे, आशेले, चिंचपाड़ा, द्वाराली पाड़ा, अंबरनाथ फार्मिंग सोसायटी और पाइपलाइन इलाकों में फैक्ट्रियां शुरू कर दी गई हैं। इस इलाके में पानी के लिए सैकड़ों गैर-कानूनी बोरवेल खोदे गए हैं। बहुत खतरनाक केमिकल पानी को बिना प्रोसेस किए ज़मीन में गड्ढों में जमा किया जा रहा है। इससे डर है कि ज़मीन के अंदर का पानी हमेशा के लिए ज़हरीला हो जाएगा, जिसका सीधा असर खेती और इंसानी सेहत पर पड़ रहा है।

### पॉल्यूशन बोर्ड के नोटिस की अवमानना

- पॉल्यूशन बोर्ड ने ऐसी फैक्ट्रियों को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया है। लेकिन, ज़मीन के मालिकों ने इस नोटिस को कोई तवज्जो नहीं दी है.
- इस फैक्ट्री पर लाखों का बिजली बिल बकाया होने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### बोरवेल के पानी से तेज़ बदबू आती है

- इन जींस वॉश फैक्ट्रियों से निकलने वाला एसिडिक केमिकल गंदा पानी सीधे ज़मीन के नीचे या पास की नदियों में छोड़ दिया जाता है। इस वजह से, इस इलाके के 3 बोरवेल के पानी से तेज़ बदबू आती है और पानी पूरी तरह से गंदा हो गया है।

# अंबरनाथ में अनधिकृत कंस्ट्रक्शन को नोटिस



## अंबरनाथ नगर परिषद ने दी एक्शन की चेतावनी

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ म्युनिसिपल काउंसिल ने आखिरकार आनंद नगर MIDC रोड पर लोकनगरी से H.P. पेट्रोल पंप तक मेन रोड पर बिना इजाज़त बने अनधिकृत कंस्ट्रक्शन और कब्ज़ों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है।

नगर परिषद ने इस रोड पर होटल, ढाबे, गैरेज, स्टॉल और अलग-अलग तरह के स्टॉल लगाने वालों को आखिरी नोटिस जारी किया है, और अगर सात दिनों के अंदर ये कब्ज़े नहीं हटाए गए, तो म्युनिसिपल की तरफ से सीधे बेदखली की कार्रवाई की जाएगी।

अंबरनाथ के पूर्वी हिस्से में यह रोड बहुत बिज़ी है और पिछले कुछ महीनों से रोड के दोनों तरफ बड़ी संख्या में गैर-कानूनी कंस्ट्रक्शन हो गए हैं। पहले भी इस इलाके में बिना इजाज़त पाइप कनेक्शन के मामले सामने आए थे, और नगर परिषद के दो बार एक्शन लेने के बावजूद, इस जगह पर फिर से कंस्ट्रक्शन हो गए। इन बिना इजाज़त दुकानों, होटलों और वॉशिंग सेंटर की वजह से इलाके में ट्रैफिक जाम बढ़ गया है और एक्सीडेंट भी बढ़ गए हैं। नगर परिषद के अनुसार, लोकनगरी इलाके में बने पेपर शेड, चिकन सेंटर और फर्नीचर की दुकानों के लिए कोई टेक्निकल या एडमिनिस्ट्रेटिव परमिशन नहीं ली गई है।

### उल्लंघन करने पर केस करने की सख्त चेतावनी

खास बात यह है कि इस मामले में संबंधित मालिक एक पॉलिटिकल पार्टी का पदाधिकारी है, और अगर समय रहते ये अतिक्रमण नहीं हटाए गए, तो नगर परिषद खुद इन स्ट्रक्चर को गिरा देगी और इसका खर्च मालिक से वसूला जाएगा। डिप्टी चीफ मिनिस्टर ने आदेश का उल्लंघन करने पर केस करने की सख्त चेतावनी दी है। हालांकि इस कार्रवाई से संबंधित नेता के पॉलिटिकल करियर पर ब्रेक लग गया है, लेकिन अभी तक स्ट्रक्चर हटाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है।

# उल्हासनगर में 54 स्कूलों की जांच शुरू





**उल्हासनगर.** शहर के एजुकेशन सिस्टम में माइनॉरिटी स्टेटस के नाम पर नियमों के उल्लंघन का शक है। इसी को देखते हुए मनपा प्रशासन ने सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। 'शिका' अर्थात शिक्षण कार्यकर्ता आंदोलन की शिकायत के बाद मनपा ने शहर के 54 माइनॉरिटी स्कूलों का वेरिफिकेशन प्रोसेस शुरू कर दिया है। कायद्याने वागा के प्रेसिडेंट राज असरोंडकर की पहल पर और डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया की ज्योति तायडे के साथ मिलकर 'शिका' मूवमेंट शुरू किया गया है। असरोंडकर और तायडे ने एजुकेशन सेक्टर में ट्रांसपेरेंसी और नियमों का पालन पक्का करने के लिए यह पहल की है। उनके मुताबिक, कई एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन राइट टू एजुकेशन एक्ट की पाबंदियों से बचने के लिए माइनॉरिटी स्टेटस ले रहे हैं; हालांकि, इस बात पर शक है कि उस स्टेटस के लिए सरकार द्वारा तय की गई शर्तों का असल में पालन किया जाता है या नहीं। 27 मई 2013 के सरकारी फैसले के मुताबिक, माइनॉरिटी इंस्टीट्यूशन में कम से कम 50 परसेंट ट्रस्टी संबंधित माइनॉरिटी क्लास से होने चाहिए। साथ ही, एडेड स्कूलों में 50 परसेंट से ज़्यादा स्टूडेंट्स का माइनॉरिटी कम्युनिटी से होना ज़रूरी है, जबकि अनएडेड इंस्टीट्यूशन में कम से कम 51 परसेंट स्टूडेंट्स माइनॉरिटी ग्रुप से होने चाहिए। इसके अलावा, एडमिशन प्रोसेस मेरिट या कॉमन सिस्टम से होना चाहिए, और टीचर और एम्प्लॉई की क्वालिफिकेशन सरकार द्वारा मंज़ूर नॉर्म्स के हिसाब से होनी चाहिए।

इन सभी शर्तों का सख्ती से पालन हो रहा है या नहीं, यह चेक करने के लिए महानगर पालिका के एजुकेशन एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिसर दीपक धनगर ने संबंधित 54 स्कूलों को लेटर भेजकर डिटेल्ड जानकारी मांगी है। अगर कोई गड़बड़ी पाया जाता है, तो संबंधित इंस्टीट्यूशन का माइनॉरिटी स्टेटस कैंसल किया जा सकता है।

### काला तालाब में मरी मछलियों का ढेर

**कल्याण.** शहर के प्रसिद्ध काला तालाब के किनारे सोमवार सुबह बड़ी संख्या में मरी हुई मछलियां मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। तालाब के किनारे तैरती और पड़ी मछलियों का ढेर देखकर स्थानीय लोगों ने चिंता जताई और इसे गंभीर मामला बताया। प्राथमिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि भीषण गर्मी और लू के कारण पानी में ऑक्सीजन की कमी हो गई, जिससे मछलियों की मौत हुई। हालांकि, प्रदूषण या पानी की गुणवत्ता में गिरावट को भी नजरअंदाज नहीं किया जा रहा है। असली वजह जांच रिपोर्ट आने के बाद ही साफ होगी।

# उल्हासनगर भाजपा ने मनाया जीत का जश्न





## बैंड-बाजा के साथ रसगुल्ला बांटा गया

**उल्हासनगर.** पश्चिम बंगाल और आसाम में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत की खुशी में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वधरिया के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला कार्यालय में एकत्रित होकर भव्य तरीके से जीत का जश्न मनाया।

कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को रसगुल्ला मिठाई खिलाकर बधाइयां दीं, ढोल-बाजे की धुन पर जमकर डांस किया और पटाखे फोड़कर अपनी खुशी का इजहार किया। पूरे परिसर में "भारत माता की जय" और "मोदी है तो मुमकिन है" जैसे नारों की गूंज सुनाई देती रही। जश्न के दौरान कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश और उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर विधायक कुमार आयलानी जी व जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया जी ने सभी कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता का यह समर्थन भविष्य में भी पार्टी को और मजबूती प्रदान करेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी, नगरसेवक, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा तथा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंबरनाथ में 12 वाहनों से 12 बैटरियां चोरीं

- 8 वाहनों की तोड़फोड़ की गई
- एक चोर का नाम सामने आया



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम में चिंचपाड़ा फायर ब्रिगेड आफिस के सामने से 6 वाहनों की बैटरी एवं दुबई कालोनी गौतम नगर से 6 वाहनों की बैटरियां चोरी हो गईं, जिसकी कीमत 67 हजार रुपए बताई गई है. दो चोर जो रिक्शा में आए थे, वाहनों की तोड़फोड़ करके चोरी करके चला गए. ये चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है. जिसके आधार पर एक शिकायतकर्ता ने एक चोर का नाम अरफात खान (22) पुलिस को बताया है, जो उलन चाल का निवासी है.

### चोरी सीसीटीवी कैमरे में कैद

दोनों शिकायतकर्ता के अनुसार 2-3 मई की रात में 12 बैटरियां चोरी हो गई. एक शिकायतकर्ता की 31,800 रुपए की दूसरे 35,300 रुपयों की बैटरियों की चोरी हुई है. चोर एक रिक्शा में बैठकर आए थे. कुल 8 वाहनों की तोड़फोड़ भी की गई है. ये घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. गर्मी की छुट्टियों के कारण अनेक नागरिक शहर के बाहर जाने का मौका देखकर चोरों ने ये चोरी की है. अंबरनाथ पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है. जांच सपोनि सुभाष पानसरे कर रहे हैं.

# यह देश की सुरक्षा की लड़ाई है -समीर वानखेड़े

## आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं ड्रग्स तस्कर





**उल्हासनगर.** ड्रग्स के धंधे से आने वाले पैसे का इस्तेमाल पाकिस्तान के रास्ते भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों को मजबूत करने के लिए किया जाता है। समीर वानखेड़े ने कहा कि नशा मुक्ति सिर्फ एक निजी लड़ाई नहीं है, बल्कि देश की सुरक्षा की लड़ाई है। जाने-माने IRS अधिकारी वानखेड़े ने उल्हासनगर में नशा मुक्ति मंच से ड्रग्स के खिलाफ कड़ा हमला बोला और युवाओं को देशहित का संदेश दिया।

समीर वानखेड़े ने उल्हासनगर के कैंप नंबर 3 में बालकांजी बाड़ी ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे 'सोबर लाइफ' अल्कोहल एंड ड्रग रिहैब सेंटर में इलाज करा रहे मरीजों से सीधे बातचीत की। इस मौके पर उन्होंने उनसे नशे की गिरफ्त से बाहर निकलने की अपील की। कार्यक्रम में महापौर अश्विनी निकम, उप महापौर अमर लुंड, जया साधवानी, मोहन साधवानी और कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि शराब, तंबाकू, गुटखा और खासकर ड्रग्स शरीर, परिवार और समाज को बहुत नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने मुख्य रूप से ड्रग्स के पैसे से भारत के खिलाफ रची जा रही साजिशों का मुद्दा उठाया। इसलिए, उन्होंने कहा कि हर युवा को नशे से दूर रहना चाहिए और देश को मजबूत बनाने में योगदान देना चाहिए।

### 'सरकार की तरफ से सख्त कदम'

समीर वानखेड़े ने महाराष्ट्र पर ड्रग माफिया के बढ़ते फोकस पर भी चिंता जताई। पंजाब के बाद अब आर्थिक राजधानी मुंबई और महाराष्ट्र को निशाना बनाया जा रहा है, और उन्होंने साफ किया कि केंद्र सरकार और गृह मंत्रालय इसके खिलाफ सख्त कदम उठा रहे हैं। नशा मुक्ति केंद्र में मरीजों को नई दिशा देते हुए, उन्होंने इच्छाशक्ति, परिवार के सपोर्ट और समाज के सहयोग के महत्व पर रोशनी डाली।

# अंबरनाथ में जनगणना 2027 की पूर्व तैयारी शुरू

## कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना शुरू

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर में भी भारतीय जनगणना की ऐतिहासिक प्रक्रिया की शुरूआत हो गई है. केंद्र सरकार की तरफ से चलाई जा रही जनगणना 2027 के अंतर्गत पहले भाग में घर यादी और घर गणना के लिए आज से शहर के चार्ज अधिकारी कार्यालय में प्रगणक और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया है. जिसमें कर्मचारियों को जनगणना का पूरा डिजिटल कार्य का मार्गदर्शन किया जाएगा. आधुनिक तंत्रज्ञान की सहायता से ये प्रक्रिया कैसे पूरी की जाएगी, इसके बारे में बताया जाएगा. ऐसी जानकारी पत्रकारों को अंबरनाथ नगर परिषद की ओर से दी गई है. 16 मई से 14 जून तक पूरे जिले में घर यादी और घर गणना की जाएगी. अंबरनाथ नगर परिषद के मुख्याधिकारी तथा चार्ज अधिकारी उमाकांत गायकवाड़ ने शहरवासियों से आह्वान किया है कि जनगणना केवल आकड़ेवारी नहीं, देश के भविष्य के लिए नियोजन है. नागरिकों ने अपने घर में आने वाले जनगणना कर्मचारी को अचूक जानकारी देकर स्वतः भरने के लिए उपलब्ध करके दिए गए Self Enumeration (स्वःगणना) सुविधा का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की अपील मुख्याधिकारी गायकवाड़ ने जनता से की है.

# कार की टक्कर से एयर वाल्व टूटा, जलापूर्ति प्रभावित

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में गुरुवार आधी रात को एक कार एक्सीडेंट में वॉटर एयर वॉल्व टूटने की घटना हुई। इस वजह से, लो प्रेशर की वजह से शहर में वॉटर सप्लाई पर इसका असर पड़ा है। बारवी डैम से आने वाला पानी प्रभाग नंबर 17 में एक एयर वॉल्व के ज़रिए इलाके में बनी वॉटर टैंक में स्टोर होता है। लेकिन, आधी रात को एक लापरवाह कार ड्राइवर की वजह से एयर वॉल्व टूट गया, जिससे पानी सड़क पर बहने लगा। यह जानकारी मिलते ही उप महापौर अमर लुंड मौके पर पहुंचे। उन्होंने वॉटर सप्लाई अधिकारियों को फोन करके बताया। आखिर में, वॉटर सप्लाई डिपार्टमेंट के कर्मचारियों ने पानी रोक दिया। लुंड ने बताया कि इलाके में लो प्रेशर वॉटर सप्लाई हो रही है। उप महापौर अमर लुंड सुबह 3 बजे तक मौके पर रहे और लोगों की मदद से टूटे हुए एयर वॉल्व से बह रहे पानी को रोकने की कोशिश की।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करनेवाला गिरफ्तार



**कल्याण.** सोशल मीडिया पर 'मुझे भारतीय संविधान पर विश्वास नहीं है' लिखकर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले एक फल बेचने वाले को कल्याण की महात्मा फुले चौक पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसका नाम विनीत सिंह है और इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है।

चिकनघर इलाके का रहने वाला विनीत सिंह मूल रूप से प्रयागराज का रहने वाला है और फल बेचने का काम करता है। पिछले कुछ दिनों से वह अपने WhatsApp स्टेटस पर लगातार आपत्तिजनक पोस्ट कर रहा था। कभी वह किसी समुदाय के खिलाफ तो कभी महापुरुषों के बारे में गलत बातें करता। इतना ही नहीं, उसने 'मुझे भारतीय संविधान पर विश्वास नहीं है' लिखकर स्टेटस भी लगा रखा था। यह देखकर एक जागरूक महिला उसकी दुकान पर गई और समझाने की कोशिश की। लेकिन, विनीत सिंह ने उसकी एक नहीं सुनी और उससे बहस करने लगा। इस घटना के दौरान इलाके में भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही महात्मा फुले थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखते ही उसने तुरंत अपने स्टेटस डिलीट कर दिए। हालांकि, जब पुलिस ने उसका मोबाइल फोन जब्त कर जांच की तो आपत्तिजनक पोस्ट के सबूत सामने आए। इस मामले में पुलिस ने विनीत सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# नेस्को ड्रग पार्टी : 2 आरोपी की पुलिस कस्टडी

**मुंबई.** गोरेगांव में हुए चर्चित नेस्को ड्रग पार्टी में पुलिस ने विनीत गेरेलानी और आयुष साहित्य की फिर से पुलिस कस्टडी ली है. इससे पहले उन्हें ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा गया था. बोरीवली कोर्ट ने वनराई पुलिस को केस की आगे की जांच के लिए चार दिन की कस्टडी दी है. गेरेलानी और साहित्य की कस्टडी इस मामले में मुख्य आरोपियों की हाल ही में गिरफ्तारी के बाद मिली है. अधिकारियों ने बताया कि कथित मुख्य सप्लायर, महेश खेमलानी, जिसे मार्क के नाम से भी जाना जाता है, को हाल ही में पुलिस ने गिरफ्तार किया है. सूत्रों के मुताबिक इस पूरे खेल के दौरान गेरेलानी और साहित्य, खेमलानी और जिया नाम के एक दूसरे आरोपी के करीबी संपर्क में थे. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच की कड़ियों को जोड़ने के लिए गेरेलानी और साहित्य से पूछताछ जरुरी है. ड्रग ऑपरेशन से जुड़े बड़ी संख्या में फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन के तार दोनों संदिग्धों से जुड़े बैंक अकाउंट के ज़रिए किए गए थे. पुलिस अब इन ट्रांजैक्शन की जांच कर रही है ताकि मनी ट्रेल का पता लगाया जा सके.

# सेंचुरी रेयॉन कंपनी पर 35 करोड़ रुपये बकाया





**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगर पालिका ने सेंचुरी रेयॉन कंपनी को 35 करोड़ रुपये के प्रॉपर्टी टैक्स के बकाए के लिए नोटिस भेजा है। BJP जिला अध्यक्ष राजेश वढारिया की रिपोर्ट के बाद एक कमेटी बनाई गई थी। इस कमेटी की रिपोर्ट के बाद उल्हासनगर मनपा ने यह नोटिस जारी किया है।

वढारिया ने शिकायत की थी कि सेंचुरी रेयॉन कंपनी ने प्रॉपर्टी टैक्स कम करके टैक्सेबल प्रॉपर्टी एरिया कम दिखाया है। कमिश्नर मनीषा आव्हाले ने इस शिकायत पर संज्ञान लिया और आठ सदस्यों की कमेटी बनाकर उन्हें रिपोर्ट देने का आदेश दिया। कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले छह सालों में 70 प्रतिशत से ज़्यादा टैक्सेबल एरिया का कम मूल्यांकन किया गया था।

## पांच हज़ार से ज़्यादा कर्मचारी कार्यरत

कमेटी की जांच के अनुसार, नगर निगम द्वारा नियुक्त क ेल ब्रो कंपनी ने पिछले छह सालों में 'स ेंच ुर ी रेयॉन' कंपनी का टैक्सेबल एरिया 23 लाख 15 हज़ार 402 sq. m. दर्ज किया था। हालांकि, एक और प्राइवेट संस्था सी. ई. इंफो सिस्टम लिमिटेड, मे. कंपनी रिप्लित इंडिया सॉल्यूशंस ने जब नापा तो कुल एरिया 78,44.751 sq. m. ft. निकला। कंपनी में पांच हजार से ज़्यादा कर्मचारी हैं।

## महानगरपालिका को फाइनेंशियल नुकसान

महानगरपालिका ने कंपनी को साल 2024-25 के लिए रिवाइज्ड पेमेंट जारी किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस पेमेंट से नगर पालिका को फाइनेंशियल नुकसान हुआ है। जब कमेटी ने कंपनी के पिछले डिमांड पेमेंट की जांच की तो रिपोर्ट में कहा गया कि कंपनी के साल के हिसाब से एरिया, सालाना टैक्स फेयर वैल्यू और प्रॉपर्टी टैक्स देने लायक रकम में साल के हिसाब से अंतर था। 2018-19 में एरिया 45,37,992 sq. ft. कम कर दिया गया। यह पता चला कि एरिया कम करते समय उस समय के मनपा कमिश्नर की मंजूरी नहीं ली गई थी।

### नया जारी किया गया डिमांड नोटिस गलत

सेंचुरी रेयॉन कंपनी ने पहले ही प्रॉपर्टी टैक्स का बकाया चुका दिया है। टैक्स डिपार्टमेंट ने हमारी सहमति के बिना दोबारा सर्वे किया। नया जारी किया गया डिमांड नोटिस गलत है। हमने इसके खिलाफ कोर्ट में अपील की है।

-श्रीकांत गोरे, HR और वाइस प्रेसिडेंट
सेंचुरी रेयॉन कंपनी

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं। - वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## हादसे से लें सबक

किसी भी हादसे का सबसे बड़ा सबक यह होना चाहिए कि ऐसे हर इंतजाम किए जाएं, ताकि दोबारा उस तरह की त्रासदी न हो। मगर ऐसा लगता है कि हर जगह लापरवाही एक ऐसी सामान्य आदत के रूप में घुल गई है, जिसके कई बार बेहद दुखद नतीजे सामने आते हैं। राजधानी दिल्ली के द्वारका इलाके में एक गोल्फ कोर्स क्लब परिसर में बने जलाशय में बीते हफ्ते जिस तरह तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई, वह एक बार फिर यही दर्शाता है कि लापरवाही और अनदेखी का आलम किस हद तक पसरा हुआ है।

शुरुआती छानबीन के मुताबिक, आठ से दस साल के तीन बच्चे कम ऊंचाई वाली दीवार को पार कर गोल्फ कोर्स परिसर में चले गए और संभवतः वहां के कृत्रिम जलाशय में नहाने लगे, जहां डूबने से उनकी जान चली गई। हैरानी की बात यह है कि सुरक्षा कारणों से परिसर की घेराबंदी के लिए खड़ी की गई दीवार की ऊंचाई बस इतनी है कि कोई आठ-दस वर्ष का बच्चा भी उसे पार कर लेता है। संभव है कि वहां कुछ सुरक्षा गार्डों की भी तैनाती होगी, लेकिन दीवार फांद कर बच्चों को परिसर में प्रवेश करने से रोकने वाला कोई नहीं था। डूबने लायक पानी से भरा जलाशय बना हुआ है, लेकिन अगर कोई उसमें गिर जाए, तो उसके बचाव का वहां कोई इंतजाम नहीं है।

सवाल है कि इस कदर बहुस्तरीय लापरवाही की वजह से अगर बच्चों की जान चली गई, तो इसकी जवाबदेही किस पर होगी। इस मामले में एक त्रासद पक्ष यह भी है कि जुलाई, 2023 में भी वहां ठीक इसी तरह तीन लड़कों की मौत हो गई थी। उस घटना के बावजूद कोई सबक नहीं लिया गया। नतीजतन, एक बार फिर तीन बच्चों की जान चली गई। यह पूछे जाने की जरूरत है कि इस स्तर की व्यापक लापरवाही का कारण क्या है और क्या परिसर का प्रबंधन इसके लिए जिम्मेदार नहीं है!

जलाशयों या जलजमाव की खुली जगहों पर ऐसे हादसों की खबरें अक्सर आती रहती हैं और अमूमन सबमें स्थानीय शासन-तंत्र या फिर संबंधित परिसर के प्रबंधन की लापरवाही ही मुख्य कारण लगती है। मगर न तो ऐसी घटनाओं से सबक लिया जाता है और न ही इसके लिए वास्तविक जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई होती है।

# विमर्श नागरिकों की समस्या बढ़ाते जटिल नियम

ओडिशा के क्योंझर जिले की घटना केवल एक विचलित कर देने वाली खबर नहीं, बल्कि यह भारतीय प्रशासनिक और बैंकिंग व्यवस्था का एक कुरूप चेहरा भी है। एक आदिवासी व्यक्ति अपनी मृत बहन के बैंक खाते से लगभग 19,300 रुपये निकालने के लिए इतना विवश हुआ कि वह उसका कंकाल लेकर बैंक पहुंच गया। बैंक की ओर से कहा गया कि मृत्यु प्रमाणपत्र और कानूनी उत्तराधिकारी से जुड़े दस्तावेज आवश्यक थे, जबकि परिजन का आरोप था कि उसे बार-बार लौटाया गया।

हालांकि डिजिटल मीडिया पर आलोचना के बाद प्रशासन के हस्तक्षेप से उन्हें उनकी राशि दे दी गई, पर बात यहीं नहीं खत्म होती। यह घटना इसलिए अधिक पीड़ादायक है, क्योंकि भारत ने पिछले एक दशक में वित्तीय समावेशन की बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत करोड़ों बैंक खाते खोले जा चुके हैं। इनमें बड़ी संख्या महिलाओं, ग्रामीण परिवारों और कमजोर वर्गों की है। इसका अर्थ है कि बैंकिंग अब केवल शहरों, वेतनभोगी वर्ग और शिक्षित लोगों की सुविधा नहीं रही, बल्कि गरीब, मजदूर, किसान, आदिवासी, महिला और असंगठित क्षेत्र के नागरिक के जीवन से सीधे जुड़ गई है, लेकिन यही उपलब्धि अब हमें एक नए प्रश्न के सामने खड़ा करती है कि खाता खोलना तो आसान हो गया, पर खाते का अधिकार पाना क्या सचमुच आसान हुआ?

ओडिशा की घटना बताती है कि वित्तीय समावेशन का अगला



चरण केवल बैंक खाता नहीं, बल्कि बैंकिंग न्याय होना चाहिए। हालांकि बैंकिंग नियमों का अपना महत्व है। मृत जमाकर्ता के खाते से पैसा किसी भी व्यक्ति को नहीं दिया जा सकता। धोखाधड़ी रोकना, वास्तविक उत्तराधिकारी की पहचान बैंक को भविष्य के विवादों से बचाना आवश्यक है, लेकिन नियम का उद्देश्य न्याय होना चाहिए, नागरिक को अपमानित करना नहीं। नियम सुरक्षा दें, भय नहीं। प्रक्रिया मार्गदर्शन दे, भ्रम नहीं। आरबीआइ ने भी मृत जमाकर्ताओं के दावों के निपटान को सरल और समयबद्ध बनाने पर जोर दिया है, लेकिन समस्या यह है कि नियमों की संवेदनशील व्याख्या शाखा स्तर तक नहीं पहुंचती।

आज भारत डिजिटल भुगतान, यूपीआइ, आधार और जन-धन के माध्यम से वित्तीय समावेशन की दुनिया में उदाहरण बन चुका है, लेकिन सूचकांक और योजनाएं अपने-आप गरीब नागरिक की समस्या हल नहीं करतीं। असली परीक्षा तब होती है जब कोई अशिक्षित, आदिवासी, विधवा, बुजुर्ग या अकेला व्यक्ति बैंक के काउंटर पर खड़ा होता है और पूछता है कि अब मुझे क्या करना है? सिस्टम को बदलने की शुरुआत यहीं से होनी चाहिए। सबसे पहले, मृत खाताधारक के छोटे दावों के लिए एक सरल दावा प्रक्रिया बनाई जानी चाहिए। यदि खाते में राशि एक लाख रुपये से कम हो, तो ग्राम पंचायत, स्थानीय राजस्व अधिकारी, आधार आधारित पहचान, परिवार रजिस्टर, मृत्यु की स्थानीय पुष्टि और दो गवाहों के आधार पर प्राथमिक दावा स्वीकार किया जाना चाहिए। बड़ी राशि के मामलों में ही विस्तृत जांच आवश्यक होनी चाहिए।

हर बैंक शाखा में मृत दावा सहायता डेस्क या कम-से-कम एक प्रशिक्षित अधिकारी हो, जो परिजन को चरणबद्ध तरीके से बताए कि कौन-सा फार्म भरना है, मृत्यु प्रमाणपत्र कहां से बनेगा, कानूनी उत्तराधिकारी प्रमाणपत्र की जरूरत कब है, नामिनी न होने की स्थिति में क्या करना है और दावा कितने दिन में निपटेगा? बैंक और स्थानीय प्रशासन के बीच एक फील्ड वेरिफिकेशन प्रोटोकाल भी होना चाहिए। यदि कोई गरीब, अशिक्षित या दूरस्थ क्षेत्र का नागरिक मृत खाताधारक का दावा लेकर आता है और दस्तावेज अधूरे हैं, तो बैंक उसे वापस न भेजे, बल्कि उसकी समस्या का समाधान करे। ग्रामीण भारत में सत्यापन केवल कागज से नहीं, समुदाय से भी होता है। सरपंच, वार्ड सदस्य, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका, ग्राम रोजगार सेवक ये सभी स्थानीय वास्तविकता से परिचित होते हैं। सिस्टम यदि इन्हें जिम्मेदारी और जवाबदेही के साथ जोड़े, तो गरीबों को दफ्तर-दफ्तर नहीं भटकना पड़ेगा।




हमारे अंदर एक ऐसा स्थान मौजूद है जहाँ हम इस दुनिया के दुखों-दर्दों से छुटकारा पा सकते हैं। हम यहाँ ध्यानाभ्यास के द्वारा जा सकते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# GST कलेक्शन में रिकॉर्ड उछाल

पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे बहुस्तरीय वैश्विक संकट के बीच देश के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में खासी बढ़ोतरी अर्थव्यवस्था की गति को बनाए रखने के लिए निश्चित रूप से संबल प्रदान करेगी। इससे सरकारी कोष को मजबूती मिलेगी और विकास से जुड़ी नीतियों के निर्माण में भी आसानी होगी। जब सरकार के पास पर्याप्त पूंजी का प्रावधान होता है, तो नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाओं के सृजन या विस्तार की योजनाओं को जमीन पर उतारने में आर्थिक बाधाएं खत्म हो जाती हैं। जीएसटी संग्रह में 8.7 फीसद की वृद्धि दर्शाती है कि उपभोक्ता बाजार में उत्साह बना हुआ है और लोग सामान एवं सेवाओं पर खर्च कर रहे हैं। सरकार के स्तर पर इस बढ़ोतरी को पिछले वर्ष लागू किए गए जीएसटी सुधारों से जोड़कर देखा जा रहा है। मगर इसका एक पहलू यह भी है कि इन सुधारों से व्यापारी वर्ग से लेकर आम आदमी को एक तरफ राहत जरूर मिली है, लेकिन दूसरी तरफ उनकी मुश्किलें बढ़ी हैं।

सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, बीते अप्रैल में देश का जीएसटी संग्रह बढ़कर 2.43 लाख करोड़ रुपए के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है। इससे पहले जीएसटी का सर्वकालिक उच्च संग्रह अप्रैल, 2025




में 2.23 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा था। इस बार घरेलू लेन-देन से सकल राजस्व 4.3 फीसद बढ़कर 1.85 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा, जबकि आयात से जीएसटी संग्रह 25.8 फीसद की वृद्धि के साथ 57,580 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे स्पष्ट है कि आयात से जुड़ी गतिविधियों में इजाफा हुआ है, जो वैश्विक अस्थिरता के बीच राजस्व प्राप्त करने के स्तर पर तो उत्साहजनक हो सकता है, लेकिन आत्मनिर्भरता के मोर्चे पर यह देश के कमजोर पक्ष को दर्शाता है।

इसके साथ ही घरेलू लेन-देन और आयात आधारित राजस्व के बीच बढ़ा अंतर नीतिगत पुनर्मूल्यांकन की जरूरत की ओर इशारा करता है। ऐसे में जरूरी है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान को वैश्विक आपूर्ति शृंखला में बदलावों के अनुरूप मजबूत करने के व्यापक स्तर पर प्रयास किए जाएं।

घरेलू लेन-देन के मोर्चे पर राजस्व संग्रह की बात की जाए, तो सितंबर 2025 से लागू हुए जीएसटी सुधारों के तहत करीब 375 वस्तुओं पर कर दरें कम की गई थीं और चार श्रेणियों को मिलाकर पांच एवं अठारह फीसद की दो श्रेणियां रखी गई थीं। सरकार का दावा है कि इन सुधारों का मकसद वस्तुओं की कीमतों में कमी लाना, खपत बढ़ाना और बाजार में मांग को विस्तार देना है।

मगर सरकार के इस कदम से वस्तुओं की कीमतें कम होती नजर नहीं आ रही हैं और छोटे कारोबारी भी इसे राहत कम और परेशानी ज्यादा मान रहे हैं। इस परेशानी का मूल कारण कच्चे माल एवं सेवाओं तथा तैयार माल की कर दरों के बीच का भारी अंतर है। यानी कई तरह के कच्चे माल को जीएसटी की अठारह फीसद की श्रेणी में रखा गया है, जबकि उससे तैयार माल पर पांच फीसद कर निर्धारित है।

हालांकि, अतिरिक्त कर को सरकार से वापस लेने का प्रावधान है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि लंबी और जटिल कागजी कार्रवाई के कारण इसमें महीनों लग जाते हैं। इसका असर आम आदमी की जेब पर भी पड़ता है। यह सही है कि राजस्व अर्जित करने के स्रोत में कर प्रणाली का महत्त्वपूर्ण योगदान है, लेकिन यह देखना भी सरकार का काम है कि समाज के निचले एवं मध्य वर्ग पर कर का अतिरिक्त बोझ न पड़े।

# 9 भाइयों ने एक साथ रचाई 9 चचेरी बहनों से शादी

सोशल मीडिया इन दिनों पाकिस्तान के मुल्तान जिले से आई एक अनोखी शादी की खबर से गूंज रहा है.

**जरा हट के**

शुजाबाद इलाके में एक ही परिवार के 9 युवकों ने अपनी 9 चचेरी बहनों से एक साथ निकाह कर लिया. यह सामूहिक विवाह ना सिर्फ अपने पैमाने के लिए बल्कि दहेज मुक्त होने के कारण भी चर्चा का विषय बना हुआ है.

पाकिस्तानी मीडिया और सोशल मीडिया यूजर्स इसे "नेकी की मिसाल" बता रहे हैं. घटना शुजाबाद की है, जो मुल्तान का उपनगरीय इलाका है. यहां 9 दुल्हे मुहम्मद काशिफ, मुहम्मद आसिम, मुहम्मद अमीन, मुहम्मद नईम, मुहम्मद नवेद, मुहम्मद राशिद, मुहम्मद बिलाल, मुहम्मद शहबाज और मुहम्मद अली ने अपनी चचेरी बहनों के साथ एक ही समारोह में शादी कर ली. जैसे ही ये खबर इंडियन मीडिया में आई, वायरल हो गई. जहां पाकिस्तान में इस निकाह की तारीफ हो रही है वहीं भारत में लोगों ने इसपर चिंता जताई है.



एक ही मंडप में 9 जोड़ियों ने निकाह पढ़ा और बाद में एक ही वलीमा का आयोजन किया गया. परिवार ने जानबूझकर भव्यता से दूर रहते हुए सरल तरीके से शादी की. सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि दोनों परिवारों ने दहेज लेने-देने से साफ इनकार कर दिया. पाकिस्तान में जहां दहेज की वजह से कई परिवार कर्ज में डूब जाते हैं, वहां इस फैसले को सराहा जा रहा है. पाकिस्तानी यूजर्स लिख रहे हैं – "ये असली मुस्लिम परंपरा है, रिश्तेदारी मजबूत होती है और खर्च भी बचता है." कुछ पोस्ट्स में इसे "बिना दहेज की मिसाल" बताते हुए वायरल किया गया.

भारत में इस खबर पर प्रतिक्रियाएं काफी तीखी हैं. कई यूजर्स इसे "कजिन मैरिज" बताते हुए स्वास्थ्य जोखिम और सांस्कृतिक अंतर पर सवाल उठा रहे हैं. कुछ कमेंट्स में लिखा गया – "सिर्फ पाकिस्तानी ही कर सकते हैं ऐसा!" जबकि कुछ लोग सरल शादी और दहेज मुक्त आयोजन की तारीफ भी कर रहे हैं. भारतीय सोशल मीडिया पर यह खबर "9 भाइयों ने 9 बहनों से शादी" के रूप में शेयर हो रही है, हालांकि वास्तव में ये चचेरे भाई-बहन हैं, सगे नहीं. पहले भी ऐसी घटनाओं पर फैक्ट चेक हो चुके हैं जहां सगे भाई-बहन वाली खबर गलत साबित हुई थी.

# 'आलू चूरा'

खाना-खजाना

आलू चूरा गंगटोक की बहुत ही मशहूर डिश है, जिसे खाने के बाद उंगलियां चांटते रह जाएंगे, तो आज हम आपको घर में कैसे बना सकते हैं ये डिश, इसकी रेसिपी बताने वाले हैं।

**सामग्री :**

- 3 उबले आलू,
- 2 टीस्पून तेल,
- 1 टेबलस्पून जीरा,
- 1 टीस्पून सौंफ,
- 1 प्याज कटा,
- 1/2 टीस्पून हल्दी पाउडर,
- नमक स्वादानुसार,
- 1.5 टीस्पून कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर,
- 1 टीस्पून जीरा पाउडर,
- 1.5 टीस्पून अमचूर पाउडर,
- 1 टीस्पून धनिया पाउडर,
- 2 टमाटर कटे हुए,
- 1 कप पानी,
- 2 टीस्पून धनिया पत्ती

**विधि :**

सबसे पहले एक पैन में हल्का सा तेल डालकर मूंगफली भूनकर अलग निकाल लें।



अब उसी पैन में तेल या घी डालकर मुरमुरे को क्रिस्पी होने तक भून लें और इसे मूंगफली वाले बाउल में निकाल लें। अब इसी पैन में फिर से तेल डालें।

इसमें जीरा, सौंफ, हरी मिर्च और प्याज डालकर भूनें। हल्का सुनहरा होने के बाद टमाटर डालें। इसके बाद हल्दी पाउडर और नमक डालें।

टमाटर के सॉफ्ट होने के बाद बाकी मसाले डालें और दो से तीन मिनट और भूनें। फिर इसमें उबले आलू डालकर चम्मच से हल्का मैश कर दें और साथ ही साथ पानी भी डालें। ऊपर से कटी हरी धनिया डालें। इसके बाद एक बाउल में पहले ये सब्जी डालें। उसके ऊपर मुरमुरे और मूंगफली वाला मिक्सचर डालें। फिर बारीक कटे प्याज, थोड़ा सा चाट मसाला और हरी धनिया से गार्निश कर सर्व करें।

# पानी की बोतल से आ रही है बदबू?

- ये 5 टिप्स आजमाकर देखें
- मिनटों में बॉटल होगा जर्म फ्री, दिखेगा नए जैसा
- वॉटर बॉटल साफ करने के टिप्स

स्कूल जाना हो या ऑफिस, हर कोई अपने साथ एक पानी का बॉटल जरूर रखता है. खासकर, गर्मी के मौसम में वॉटल बॉटल का इस्तेमाल खूब होता है. पानी पीना शरीर के लिए बहुत जरूरी भी है लेकिन उतना ही जरूरी है साफ-सफाई का ध्यान भी रखना. कुछ लोग ऐसे होते हैं जो एक ही बॉटल में पानी कई दिनों तक पीते रहते हैं, लेकिन उसकी साफ-सफाई कई दिनों तक नहीं करते हैं. वॉटर बॉटल को बिना साफ किए पानी पीने से उसके अंदर काई जम जाती है. बदबू आने लगती है. आप ध्यान से देखेंगे तो बोतल के तल पर हरे रंग की काई चिपकी नजर आएगी. इससे पेट दर्द हो सकता है. इन बोतलों को सादे पानी से साफ करके उसमें दोबारा पीने का पानी भर देना ही काफी नहीं है. हम आपको सिंपल ट्रिक से बोतलों को साफ करने के बारे में बता रहे हैं. इनकी मदद से मिनटों में होगा बोतल अंदर-बाहर से साफ.



1. आप जिस बोतल में पानी पीते हैं, वह अंदर से गंदा नजर आ रहा है या पानी पीने के बाद आपको हल्का पेट दर्द महसूस हो तो समझ लें कि बोतल को साफ करना जरूरी हो गया है. इसमें काई, कीटाणु, बैक्टीरिया पनपने से ना सिर्फ बोतल से बदबू आने लगती है, बल्कि पानी का स्वाद भी खराब लगता है. इस तरह के पानी को पीना सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है. इसके लिए आप एक गिलास गर्म पानी में सिरका डालकर बोतल में डाल दें. इसे 15 मिनट ऐसे ही छोड़ने के बाद ब्रश से बॉटल को रगड़ दें. फिर सादे पानी से अच्छी तरह से बोतल को साफ कर दें.

2. आप बदबूदार और काई लगे वॉटल बॉटल को बेकिंग सोडा और नींबू की मदद से भी साफ कर सकते हैं. आधा चम्मच बेकिंड सोडा और एक बड़ा चम्मच नींबू का रस कटोरी में डालकर मिक्स कर लें. इसे अब बॉटल में डाल दें और फिर थोड़ा सा गर्म पानी डाल दें. इसे अच्छी तरह से 2-3 मिनट ब्रश से रगड़ें.

3. एक गिलास पानी लें. इसमें आधा चम्मच नींबू का रस और नीम की कुछ पत्तियां डालें. इस पानी को गैस पर रखकर उबालें. आप नींबू का टुकड़ा भी उबलते पानी में डाल सकते हैं. स्टील, कांच या फिर प्लास्टिक की बोतल को इस पानी में डाल कर रख दें. बॉटल को किसी ब्रश से रगड़ें. अब साफ पानी से बोतल को अच्छी तरह से साफ कर लें.

4. आप इसी तरह फ्रिज में रखे पानी के बोतलों को भी सप्ताह में एक बार साफ जरूर करें. इसके लिए आप वाइट वेनेगर, नींबू का रस, नमक, बेकिंग सोडा थोड़ा-थोड़ा डालकर मिक्स करें. इसे ब्रश की मदद से बोतल के अंदर लगाकर रगड़ें. इससे सारे कीटाणुओं और बैक्टीरिया का सफाया हो जाएगा. साफ पानी से बोतल को धो लें. बोतल से बदबू नहीं आएगी.

5. आप एक गिलास गर्म पानी करें. इसमें बेकिंग सोडा और थोड़ा सा नमक डाल दें. इसमें वॉटर बॉटल को डाल कर कुछ देर के लिए छोड़ दें. अब ब्रश या स्क्रबर से बॉटल की अच्छी तरह से सफाई कर लें. अंत में सादे पानी से धो लें. इससे बोतल के अंदर लगी गंदगी, चिपचिपापन, बदबू सब दूर हो जाएगी.

## आज का राशिफल

**मेष** : निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। पुराना रोग उभर सकता है। विवाद से क्लेश संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**वृषभ** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा। व्यस्तता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी। कार्य में विलंब होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**मिथुन** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा। आय होगी। प्रमाद न करें। पुराने शत्रु परेशान कर सकते हैं। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कर्क** : कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शत्रु परास्त होंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह** : कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्नता रहेंगे। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**कन्या** : धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां रसोई में ध्यान रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। भाइयों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। कुसंगति से हानि होगी।

**तुला** : कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। अज्ञात भय रहेगा। शत्रु परास्त होंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** : आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें। चोट व रोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**धनु** : भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। किसी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। अज्ञात भय सताएगा। पुराना रोग उभर सकता है।

**मकर** : आज लेन-देन में विशेष सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। दुःखद समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। कार्य में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में निश्चितता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है।

**कुंभ** : पराक्रम बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। चोट व रोग से बचें। सुख के साधन जुटेंगे। घर में तनाव रह सकता है। प्रयास सफल रहेंगे।

**मीन** : आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। प्रमाद न करें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# पहले क्या खाना बेहतर रहेगा?

## चावल, दाल, सब्जी या फिर सलाद?

इंटरनेट पर अक्सर कई तरह के पोस्ट देखें होंगे जिनमें यह चर्चा होती रहती है कि क्या पहले खाना चाहिए क्या बाद में खाना चाहिए क्या बीच में खाना चाहिए. एक मजबूत धारणा यह है कि सबसे पहले सब्जी खाएं, इसके बाद प्रोटीन और अंत में कार्बोहाइड्रैट खाएं. इस ऑर्डर से खाना खाने से ब्लड शुगर नहीं बढ़ता और मीठा खाने की इच्छा कम होती है. इससे थकान और कमजोरी भी कम होती है. खासकर जो लोग डायबिटीज के शिकार हैं, उन्हें इस तरह से खाने से फायदा मिलता है. पहले की कुछ रिसर्च में भी यह कहा गया है कि अगर आप पोषक तत्वों के हिसाब से चीजों के खाने के ऑर्डर पर ध्यान रखें तो टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों को इससे काफी



### कई अध्ययनों का विश्लेषण

न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में फूड ऑर्डर पर रिसर्च करने वाली विल कॉर्नेल मेडिसीन, न्यूयॉर्क की फिजिशियन डॉ. अल्पना शुक्ला कहती हैं कि इसका कोई सटीक उत्तर तो नहीं है लेकिन कुछ कारण है जिसमें इस तरह से खाने को आजमाया जा सकता है. 2023 में 11 अध्ययनों का विश्लेषण किया गया तो पाया गया कि जिन लोगों ने बाद में कार्बोहाइड्रैट वाला भोजन किया, उनमें ब्लड शुगर की समस्या नहीं हुई. 2019 में डॉ. अल्पना शुक्ला ने 15 लोगों पर एक प्रय ोग किया था. ये लोग प्री-डायबेटिक थे. इन लोगों को तीन अलग-अलग दिनों में अलग-अलग क्रम स्किनलेस ग्रिल्ड चिकेन, सलाद और सियाबट्टा ब्रेड खिलाया गया. पहले दिन सियाबट्टा ब्रेड सबसे पहले और इसके 10 मिनट बाद चिकेन और सलाद दिया गया. दूसरे दिन चिकेन और सलाद पहले दिया दया और ब्रेड बाद में दिया गया. आखिरी दिन सलाद को पहले खाने को कहा गया और इसके बाद चिकेन और ब्रेड दिया गया.

### प्रोटीन को पहले खाने से फायदा

इस क्रम में खिलाने के बाद सभी दिन खाने से पहले और खाने के तीन घंटे के बाद प्रति 30 मिनट पर ब्लड सैंपल लिया गया. जांच करने के बाद पाया गया जब ब्रेड खाने से पहले चिकन और सलाद खाया जाता है तो ब्रेड पहले खाने वालों की तुलना में ब्लड शुगर 46 प्रतिशत तक कम पाया गया. हालांकि शोधकर्ताओं को इस बात की जानकारी नहीं थी कि यह ब्लड शुगर कम क्यों हुआ. जो लोग प्री-डायबेटिक नहीं थे उनपर अध्ययन नहीं किया गया. शोधकर्ताओं ने कहा कि इसका एक कारण यह हो सकता है कि अगर आप फैट, फाइबर और प्रोटीन पहले खा लेंगे तो यह पेट को जल्दी खाली नहीं होने देंगे. चूंकि पेट पहले से भरा रहेगा तो इस स्थिति में कार्बोहाइड्रैट का एब्जॉब्सन बहुत कम होगा.

# चम्मच से हटाएं आंखों के काले घेरे और पफीनेस

कजरारी आंखों का क्या फायदा जब आंखों के नीचे काले डार्क सर्कल हों या आंखें सूजी सूजी सी लगें. दरअसल, आंखें आपकी सेहत का राज खोलती हैं. अगर आप रात में अच्छी नींद नहीं ले रहे या घंटों लैपटॉप पर नजरें गड़ाए काम करते रहते हैं तो इसका असर आपकी सेहत के साथ साथ आंखों के आसपास की नाजुक स्किन पर भी पड़ने लगता है. इसे ठीक करने के लिए बाजार में कई तरह के महंगे ब्यूटी टूल्स मौजूद हैं जो पफीनेस दूर करने का दावा करते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि किचन में पड़े दो चम्मच की मदद से आप अपने चेहरे पर हुए आई बैग और डार्क सर्कल को बड़ी ही आसानी से हटा सकते हैं. आइए जानते हैं कैसे.बता दें कि टीवी एक्ट्रेस रोशनी चोपड़ा ने अपने सोशल मीडिया पर एक ऐसा ही वीडियो शेयर किया था जिसमें उन्होंने यह बताया था कि ठंडे चम्मच किस तरह आई बैग और पफीनेस को दूर करने के लिए चमत्कारी हो सकते हैं.



इसके लिए आपको बस किचन से पड़े दो बड़े चम्मच लेने होंगे और इन्हें अच्छी तरह से साफ कर फ्रिजर में रखना होगा. 5 मिनट के बाद ये इस्तेमाल के लिए तैयार हैं. अब चेहरे पर मॉइस्चराइजर या फेस ऑयल लगा लें जिससे चम्मच आसानी से स्किन पर स्लिप कर सके और फेस मसाज करने में सहूलियत हो. अब आप दोनों हाथों में चम्मच को इस तरह पकड़ें कि उसका उठा हिस्सा आंखों की तरफ हो. इसे आंखों पर 1 मिनट रखें और आंखों के आसपास की स्किन पर कुछ देर मसाज करें. आप पूरे चेहरे पर भी इससे मसाज कर सकते हैं.

इस तकनीक को अगर आप रोज करें तो हफ्तेभर में अंतर नजर आने लगेगा. इस तरह आंखों के आसपास मौजूद ब्लड वेसल्स में ब्लड का फ्लो तेज होगा और ऑक्सीजन का सप्लाई बढ़ जाएगी. ऐसा होते ही पफीनेस दूर होंगे और डार्क सर्कल भी गायब होने लगेगा.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### जहर मिलाकर शराब पिलाई, शव को नहर में फेंका; पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति को मार डाला

**रामपुर.** यूपी के रामपुर में सनसनीखेज मामला सामने आया है। जब अवैध संबंधों में रोड़ा बने पति को रास्ते से हटाने के लिए एक पत्नी ने हत्या की खौफनाक साजिश रच डाली। उसने मसवासी निवासी प्रेमी के साथ मिलकर न केवल पति को शराब में जहर देकर मार डाला, बल्कि साक्ष्य मिटाने के लिए शव को कार से ले जाकर तुमड़िया डैम की बड़ी नहर में फेंक दिया। काशीपुर पुलिस ने रविवार को इस साजिश का खुलासा करते हुए आरोपी पत्नी और प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से नहर से शव भी बरामद कर लिया है। स्वार तहसील के ग्राम खानपुर उत्तरी (मझरा रज्जावाला) निवासी चन्द्रवती देवी ने 1 मई को आईटीआई थाने (काशीपुर) में तहरीर दी थी कि उनका पुत्र कुलवंत सिंह (32) बीते 25 अप्रैल को अपनी ससुराल ग्राम बांसखेड़ा गया था, लेकिन वहां से वापस नहीं लौटा। कुलवंत की पत्नी गुड्डी ने परिजनों को यह कहकर गुमराह किया कि वह उसी दिन शाम को घर से निकल गया था। शक होने पर पुलिस ने सर्विलांस और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की, तो गुड्डी और मसवासी निवासी कपिल मौर्य उर्फ राहुल के बीच प्रेम संबंधों का खुलासा हुआ। पूछताछ में गुड्डी ने स्वीकार किया कि पति शराब के नशे में अक्सर उसके साथ मारपीट करता था, जिससे परेशान होकर उसने प्रेमी कपिल के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची।

### शादी के दो दिन बाद बेटे ने सुसाइड किया; चाचा बोले- पड़ोसी दे रहा था हत्या की धमकी

**लखनऊ.** लखनऊ के गोसाईंगंज इलाके के रकीबाबाद गांव में पड़ोसी ने 20 वर्षीय रामजीत को जान से मारने की धमकी दी। धमकी से डरकर रामजीत ने रविवार सुबह खुदकुशी कर ली। दो दिन पहले ही उसका विवाह हुआ था। रामजीत के चाचा राजीव कुमार ने बताया कि उनका भतीजा प्राइवेट नौकरी करता था। 30 अप्रैल को भतीजे का विवाह हुआ था। घर राजीव ने बताया कि शनिवार को पड़ोस में रहने वाला करन बाइक से जा रहा था। उसने रामजीत की मां रामकुमारी को टक्कर मार दी थी। रामकुमारी घायल हो गई थी। रामजीत ने इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम 112 को दे दी थी। गोसाईगंज पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद करन के घर गई। करन मौके से फरार हो गया था। इसके बाद पुलिस चली गई।

### भाई की हत्या का बदला लेने के लिए दी 10 लाख की सुपारी, पुलिस ने फेल किया प्लान

**अलीगढ़.** यूपी के अलीगढ़ से एक सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। जहां सिविल लाइन क्षेत्र में पिछले साल जुलाई में हुई बिल्डर की हत्या का बदला लेने के लिए उसके भाई ने बड़ा षड्यंत्र रच डाला। जेल से बाहर आए हत्यारोपी की हत्या कराने के लिए शूटरों को 10 लाख रुपये में सुपारी दी। पांच लाख रुपये एडवांस दिए गए। बाकी हत्या के बाद देना तय हुआ। छह मई से पहले हत्या करनी थी। लेकिन, पुलिस ने उससे पहले ही षड्यंत्र का पर्दाफाश करते हुए मुख्यारोपी शैजी समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में एएमयू का पूर्व छात्र व हिस्ट्रीशीटर भी शामिल है। मेडिकल रोड स्थित रफा कांप्लेक्स के रहने वाले 48 वर्षीय लाडले खान को 21 जुलाई 2025 को एडीएम कंपाउंड के पास दिनदहाड़े बाइक सवार युवकों ने गोलियां बरसाई थीं। उनके सीने, पेट, कनपटी व दाहिने हाथ में चार गोलियां लगीं थी। जेएन मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मामले में लाडले के छोटे भाई ने शाहजी उर्फ शैजी ने आदम व इस्लाम , उसके साथी वसीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

# बंगाल में 15 साल बाद ढह गया ममता का किला

- तमिलनाडु में TVK ने लहराई विजय पताका

**नई दिल्ली.** पश्चिम बंगाल और असम समेत पांच राज्यों में नतीजों की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। बंगाल में बीजेपी 200 सीटों के करीब पहुंच गई है। वहीं असम में भी BJP की आंधी आई है और पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिल रहा है। तमिलनाडु में इस बार खेल ही बदल गया। ऐक्टर विजय की टीवीके बहुमत के करीब पहुंच गई है। इधर केरल में कांग्रेस गठबंधन ने जीत का दावा कर दिया है। पुडुचेरी में फिर से एनडीए की सरकार रिपीट होती नजर आ रही है।

पश्चिम बंगाल में संवेदनशील माहौल देखते हुए मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बंगाल में एक तरफ जश्न मनाया जा रहा है तो दूसरी तरफ, आसनसोल, बैरकपोर और बाकुरा में टीएमसी और बीजेपी कार्यकर्ताओं में झड़प के मामले सामने आ रहे हैं। बंगाल में संभावित चुनावी हिंसा को देखते हुए ही केंद्रीय बलों को तैनात किया गया है। इस बार तमिलनाडु, केरल और पुडुच्चेरी में भी जमकर मतदान हुआ था।



- असम, केरल, पुडुचेरी और तमिलनाडु के चुनाव परिणाम

असम में लगातार तीसरी बार बीजेपी हैटट्रिक लगा रही है। राज्य की 126 विधानसभा सीट से 722 उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य को समेटे हुए ईवीएम, 35 जिलों के 40 मतगणना केंद्रों पर खोली गईं। राज्य में मतदान 9 अप्रैल को हुआ था, जिसमें 85.96 प्रतिशत मतदान हुआ था।

- बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार

पहला रिकॉर्ड तो बंगाल की जीत ही है। यहां ममता बनर्जी की सरकार 15 साल की सत्ता के बाद गई है तो भाजपा को पहली बार चांस मिला है। चुनाव के दौरान मीडिया की हेडलाइंस इसी पर थीं कि ममता चौथी बार या पहली बार भाजपा सरकार। इनमें से दूसरी बात सही साबित हुई और पहली बार भाजपा सरकार बन रही है। इस जीत ने भाजपा के लिए नए द्वार खोल दिए हैं। इसका असर राज्यसभा चुनावों में भी दिखेगा। यही नहीं कई तरह के मुद्दों के चलते भाजपा को बैकफुट में माना जा रहा था, लेकिन इस जीत से उसे फिर से नई ताकत मिलेगी।

- लेफ्ट अब कहीं नहीं रहा, केरल में ढहा आखिरी किला

कभी बंगाल और केरल वामपंथी किले माने जाते थे। खराब वक्त में भी लेफ्ट का यहां शासन बना रहा था। 2011 में ममता बनर्जी ने यहां जीत हासिल की थी और तब से अब तक लेफ्ट यहां से सत्ता से बाहर है। उसके बाद केरल ही एकमात्र राज्य था, जहां उसकी सरकार थी। अब केरल में कांग्रेस की लीडरशिप वाले यूडीएफ को जीत मिली है। इसके साथ ही लेफ्ट का भारत के राजनीतिक नक्शे से एग्जिट हो चुका है।



### भाजपा का मिशन फतह 21 राज्यों तक पहुंचा

अब भगवा लहर की बात की जाए तो यह 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तक पहुंच चुकी है। यह भाजपा के लिए कामयाबी के नक्शे पर बढ़ते कदम जैसा है। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, असम, ओडिसा, पुडुचेरी, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड और आंध्र प्रदेश में फिलहाल भाजपा या फिर उसके नेतृत्व वाले एनडीए की सरकार है।

**पश्चिम बंगाल के नतीजे/रुझान**

| पार्टी | बढ़त | जीते | कुल |
|---|---|---|---|
| BJP | 48 | 160 | 208 |
| TMC+ | 24 | 55 | 79 |
| INC | 0 | 2 | 2 |
| Left Front+0 | 2 | 0 | 2 |
| OTH | 0 | 2 | 2 |

**तमिलनाडु के नतीजे/रुझान**

| पार्टी | बढ़त | जीते | कुल |
|---|---|---|---|
| टीवीके | 18 | 89 | 107 |
| अन्नाद्रमुक+ | 13 | 40 | 53 |
| डीएमके+ | 19 | 46 | 65 |
| अन्य | 2 | 7 | 9 |

**केरलम के नतीजे/रुझान**

| पार्टी | बढ़त | जीते | कुल |
|---|---|---|---|
| यूडीएफ | 102 | 60 .2 | 102 |
| एलडीएफ | 35 | 28 .3 | 35 |
| एनडीए | 3 | 11 .4 | 3 |
| अन्य | 0 | 0 | 0 |

**असम के नतीजे/रुझान**

| पार्टी | बढ़त | जीते | कुल |
|---|---|---|---|
| भाजपा+ | 1 | 101 | 102 |
| कांग्रेस+ | 4 | 17 | 21 |
| अन्य | 0 | 3 | 3 |

**पुडुचेरी के नतीजे/रुझान**

| पार्टी | बढ़त | जीते | कुल |
|---|---|---|---|
| एनडीए | 1 | 17 | 18 |
| कांग्रेस+ | 0 | 6 | 6 |
| अन्य | 0 | 6 | 6 |

## तमिलनाडु में एक्टर विजय ने चौंकाया



भाषायी अस्मिता और क्षेत्रीय पहचान की राजनीति करने वाली डीएमके को करारा झटका तमिलनाडु में लगा है। एमके स्टालिन की 10 साल पुरानी सरकार विदा हो गई है। इसके अलावा ऐक्टर विजय थलापति की पार्टी टीवीके ने अकेले ही 110 सीटों पर बढ़त बना रखी है। तमिलनाडु की राजनीति में अभिनेताओं के नेता बनने का पुराना इतिहास रहा है। हालांकि स्टालिन खुद को काफी मजबूत मान रहे थे। ऐसे में नौसिखाय कहे जा रहे विजय की बंपर जीत ने सारे समीकरण ही उलट-पलट दिए हैं। तमिलनाडु में जादुई आंकड़ा 117 का है। इस तरह वह अकेले दम पर भी सत्ता हासिल करने के करीब हैं।



## बंगाल जीत पर मोदी बोले-गंगोत्री से गंगासागर तक कमल खिला

पीएम मोदी ने सोमवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पर कहा- बंगाल की पहली कैबिनेट मीटिंग में ही आयुष्मान भारत को मंजूरी मिलेगी। घुसपैठ करने वालों पर एक्शन लिया जाएगा। महिलाओं को सुरक्षा का महौल मिलेगा, युवाओं को रोजगार मिलेगा, पलायन रुकेगा। 47 मिनट के भाषण में उन्होंने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में सरकार बनने पर कहा- गंगोत्री से गंगासागर तक कमल ही कमल खिला है। सालों की साधना जब सिद्धि में बदलती है तो जो खुशी होती है वो खुशी कार्यकर्ताओं के चेहरे पर देख रहा हूं। पिछले साल 14 नवंबर को मैंने यहीं से कहा था गंगा जी बिहार से आगे होते हुए गंगासागर तक जाती हैं आज बंगाल की जीत के साथ गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक कम ही कमल खिला है। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और अब पश्चिम बंगाल। आज मां गंगा के पास बसे राज्यों में भाजपा-एनडीए सरकार है। 2013 में जब भाजपा ने मुझे प्रधानमंत्री के उम्मीदवार के रूप में काम दिया और काशी में जब फॉर्म भरने गया तो मेरे दिल से निकला कि न मुझे किसी ने भेजा है मां गंगा ने मुझे बुलाया है.

# सुनेत्रा पवार ने जीत का इतिहास बनाया

- 2.18 लाख वोटों से जीतीं
- 5 राज्यों की 7 सीटों पर उपचुनाव
- इनमें भाजपा 4, कांग्रेस 1 जीती



**नई दिल्ली.** देश के 5 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के नतीजे लगभग आ गए हैं। महाराष्ट्र के बारामती सीट से NCP उम्मीदवार सुनेत्रा पवार ने 2 लाख 18 हजार वोटों के अंतर से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। यह अंतर भारत के इतिहास में अब तक का सबसे ज्यादा है।

सुनेत्रा पूर्व डिप्टी CM अजित पवार की पत्नी हैं, जिनका 28 जनवरी 2026 को विमान हादसे में निधन हो गया था। बारामती अजित पवार की पारंपरिक सीट रही है। यहां से सुनेत्रा की जीत लगभग तय थी। उनके खिलाफ 22 निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में थे।

महाराष्ट्र के राहुरी सीट से भाजपा के अक्षय कार्डिले जीत गए हैं। भाजपा ने गुजरात, नगालैंड और त्रिपुरा की 1-1 सीट भी जीत ली है। कर्नाटक के बागलकोट में कांग्रेस उम्मीदवार जीते हैं। राज्य की दूसरी सीट, दावणगेरे साउथ पर कांग्रेस लगातार बढ़त बनाए हुए है।

### सुनेत्रा पवार की भावुक अपील

महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री और एनसीपी (अजित पवार गुट) की नेता सुनेत्रा पवार ने (4 मई, 2026) बारामती विधानसभा उपचुनाव के नतीजों में अपनी बड़ी जीत के बाद कार्यकर्ताओं और समर्थकों से निम्नलिखित अपील की है:

- **विजय जुलूस न निकालें:** उन्होंने विनम्रतापूर्वक अनुरोध किया है कि इस जीत के अवसर पर कोई भी विजयी जुलूस न निकाला जाए।
- **गुलाल न उड़ाएं:** उन्होंने समर्थकों से खुशी में गुलाल न उड़ाने की भी अपील की है।
- **संयम बनाए रखें:** सुनेत्रा पवार ने कार्यकर्ताओं से संयम बरतने और दिवंगत नेता अजित पवार के विचारों के अनुरूप आचरण करने को कहा है।

यह चुनाव उनके पति और राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के आकस्मिक निधन के बाद हुआ था। सुनेत्रा पवार ने इस जीत को अपने पति की 'पवित्र स्मृति' को समर्पित किया है और कहा कि यह क्षण उनके लिए अत्यंत भावुक है।

उपचुनाव वालीं सभी 7 सीटें पूर्व विधायकों की मौत के कारण खाली हुई थीं। कर्नाटक, नगालैंड और त्रिपुरा में 9 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। गुजरात की लिमखेड़ा और महाराष्ट्र के बारामती और राहुरी सीट पर 23 अप्रैल को वोटिंग हुई थी।

### पिता-बेटे के शव ले जाने से फ्लाइट ऑपरेटर का इनकार

**जबलपुर.** जबलपुर के बरगी क्रूज हादसे में सिस्टम की लापरवाही से 13 जानें चली गईं। प्राथमिक जांच में खराब मौसम के अलर्ट की अनदेखी को इसकी मुख्य वजह माना जा रहा है। हद तो ये है कि मृतकों के शव की भी दुर्दशा की जा रही है। हादसे में जान गंवाने वाले आर्डनेंस फैक्ट्री के कर्मचारी कामराज आर और उनके 5 साल के बेटे श्रीतमिल का शव ले जाने से फ्लाइट ऑपरेटर ने मना कर दिया। तर्क दिया कि बॉडी डी-कंपोज हो रही हैं। बदबू आ रही है। ऐसे में वह इन्हें नहीं ले जा सकता है।

इसका पता लगते ही प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय हुए और ऑपरेटर को समझाकर शव फ्लाइट में रखवाए। इसकी वजह से फ्लाइट ने अपने निर्धारित समय से एक घंटे देरी से उड़ान भरी।

#### मौसम खराब होने के कारण रविवार को नहीं भरी उड़ान

जबलपुर के बरगी डैम में 30 अप्रैल को मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग का क्रूज डूबा था। इसमें सवार 13 टूरिस्ट की मौत हो गई। उसी दिन 30 अप्रैल को 4 शव, एक मई को 5, दो मई को 2 और तीन मई को दो शव तैरते मिले। मृतकों में 4 बच्चे और 8 महिलाएं शामिल हैं। 28 लोगों को बचा लिया गया था।

# बिहार- विक्रमशिला पुल का 34 मीटर स्लैब गिरा

- 16 जिलों की कनेक्टिविटी प्रभावित
- CM ने केंद्र से बात की, आर्मी की मदद मांगी



**भागलपुर.** बिहार के भागलपुर में 4.7 किमी लंबे विक्रमशिला सेतु का 34 मीटर हिस्सा रविवार देर रात गंगा में गिर गया। राहत की बात रही कि प्रशासन ने पहले ही ट्रैफिक रोक दिया था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

इस घटना से सीमांचल समेत करीब 16 जिलों की कनेक्टिविटी प्रभावित हुई है और रोजाना करीब 1 लाख लोगों के आवागमन पर असर पड़ा है। पिछले 10 साल में इस पुल की तीन बार मरम्मत हो चुकी है, और हाल ही में मार्च 2026 में भी रिपेयर वर्क हुआ था। पुल यूपी ब्रिज कॉर्पोरेशन ने बनाया था।

लापरवाही को लेकर पथ निर्माण विभाग ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को सस्पेंड किया है। बिहार राज्य पुल निगम लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ चंद्रशेखर ने बताया, 'भागलपुर पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन की सजगता से बड़ी घटना होने से बचा है।

अगर समय रहते पुलिस प्रशासन सजग नहीं होती तो कई लोगों की जान माल का नुकसान हो जाता। DPR बनाकर हम लोगों ने मेंटेनेंस के लिए भेजा था।

मुख्यमंत्री जी ने रक्षा मंत्री से बात की है। पुल मरम्मत के काम में आर्मी की मदद की कोशिश की जा रही है। स्थानीय लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जी रही है।'

# गुजरात की लगातार तीसरी जीत




- पंजाब ने सीजन में दूसरा मैच गंवाया;
- साई सुदर्शन की फिफ्टी; होल्डर को 4 विकेट

गुजरात टाइटंस ने IPL में रविवार के दूसरे मैच में टेबल टॉपर पंजाब किंग्स को 4 विकेट से हरा दिया है। उसने लगातार तीसरे मैच में जीत हासिल की है, जबकि पंजाब ने लगातार दूसरा मैच गंवाया है। इस हार के बावजूद पंजाब टेबल के टॉप पर है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पंजाब ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 163 रन बनाए। गुजरात ने 164 रन का टारगेट 19.5 ओवर में 6 विकेट पर हासिल कर लिया। वॉशिंगटन सुंदर ने मार्कस स्टोयनिस की बॉल पर छक्का मारकर जीत दिलाई।

#### साई सुदर्शन ने फिफ्टी लगाई, बटलर के साथ साझेदारी की

रन चेज में गुजरात ने 16 रन के स्कोर पर कप्तान शुभमन गिल (5 रन) का विकेट गंवा दिया था। उन्हें अर्शदीप सिंह ने कैच कराया। यहां से साई सुदर्शन ने मोर्चा संभाला। उन्होंने जोस बटलर के साथ मिलकर स्कोर 69 रन तक पहुंचाया। फिर निशांत सिंधु के साथ मिलकर टीम को 100 पार पहुंचा दिया। जब सुदर्शन आउट हुए तब तक टीम 124 के स्कोर तक पहुंच चुकी थी। बाकी का काम वॉशिंगटन सुंदर और राहुल तेवतिया ने पूरा कर दिया।

#### शेडगे की फिफ्टी बेकार

पहले बैटिंग करते हुए पंजाब ने टीम ने 47 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। यहां से सूर्यांश शेडगे ने मार्कस स्टोयनिस के साथ 44 बॉल पर 79 रन की साझेदारी करके टीम का स्कोर 100 पार पहुंचाया। शेडगे ने 29 बॉल पर 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। जबकि स्टोयनिस 40 रन बनाकर आउट हुए।

#### जेसन होल्डर ने 4 विकेट झटके

गुजरात की ओर से जेसन होल्डर ने 4 विकेट झटके। मोहम्मद सिराज और कगिसो रबाडा को 2-2 विकेट मिले।

#### आखिरी ओवर में 11 रन डिफेंड नहीं कर सके स्टोयनिस

गुजरात को आखिरी ओवर में जीत के लिए 11 रनों की जरूरत थी। लेकिन, मार्कस स्टोयनिस इसे डिफेंड नहीं कर सके। अरशद खान ने उनकी पहली बॉल पर चौका लगाया। फिर सुंदर ने 5वीं बॉल पर छक्का लगाकर एक गेंद रहते अपनी टीम को जीत दिला दी।

# ट्रम्प की चेतावनी- ईरान ने गलती की तो फिर हमला



- उनके 14-पॉइंट प्रस्ताव का रीव्यू कर रहे, लेकिन नहीं लगता कि यह स्वीकार्य होगा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि ईरान ने कोई गलती की, तो उस पर फिर से हमले हो सकते हैं। फ्लोरिडा में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अमेरिका फिलहाल मजबूत स्थिति में है, जबकि तेहरान दबाव में है और समझौता करना चाहता है। इसके अलावा ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर बताया कि पाकिस्तान की मध्यस्थता में ईरान की ओर से 14-पॉइंट का प्रस्ताव मिला है, जिसके विस्तृत ड्राफ्ट का इंतजार है। इस नए प्रस्ताव का हम रीव्यू भी कर रहे है।

उन्होंने आगे कहा, 'हालांकि, मुझे नहीं लगता कि यह स्वीकार्य होगा। क्योंकि ईरान ने पिछले 47 वर्षों में मानवता और दुनिया के साथ जो किया है, उसकी अभी तक बड़ी कीमत नहीं चुकाई है।'

### ईरान के 14-पॉइंट प्रस्ताव में कई मुद्दे शामिल

ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह 14-पॉइंट का प्रस्ताव अमेरिका के 9-पॉइंट प्लान के जवाब में भेजा गया है। इसमें 30 दिनों के भीतर सभी मुद्दों के समाधान, भविष्य में हमलों के खिलाफ गारंटी, क्षेत्र से अमेरिकी सैनिकों की वापसी, फ्रीज किए गए ईरानी एसेट्स को रिलीज करने, प्रतिबंध हटाने और युद्ध के मुआवजे की मांग शामिल है। इसके अलावा प्रस्ताव में होर्मुज स्ट्रेट को लेकर नया मैकेनिज्म बनाने, अमेरिकी नेवल नाकेबंदी खत्म करने और क्षेत्रीय संघर्षों को समाप्त करने की बात भी कही गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, समझौते के बाद परमाणु कार्यक्रम पर अलग से बातचीत का प्रस्ताव भी रखा गया है।

# रक्षा मंत्री बोले- डिफेंस की तरह नॉलेज कॉरिडोर तैयार करें

**प्रयागराज.** प्रयागराज में सोमवार को उत्तर प्रौद्योगिकी संगोष्ठी (नॉर्थ टेक सिम्पोजियम) 2026 की शुरूआत हो गई। इसका उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। उन्होंने कहा- डिफेंस कॉरिडोर की तरह नॉलेज कॉरिडोर तैयार करें। उन्होंने कहा-ऑपरेशन सिंदूर के बाद दुनिया को हमारी ताकत का एहसास हो गया है।

उन्होंने कहा- मैं प्रो-एक्टिव तैयारी की बात कर रहा हूं। वो है सरप्राइज एलीमेंट। हमें ऐसी क्षमताएं भी विकसित करनी है जो जरूरत पड़ने हम ऐसा प्रहार कर सकें जिससे दुश्मन सरप्राइज हो जाए। मुझे पता है कि हमारी सेना इस ओर काम कर रही हैं। अब हमें प्रो-एक्टिव होकर काम करना है।




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण हमारे सामने है। इस ऑपरेशन के एक साल पूरे हो चुके हैं। जब भी ऑपरेशन सिंदूर की बात आती है तो मुझे अपनी सेनाओं के शौर्य स्वाभाविक रूप से याद आता है।

आतंकियों को और उनके सरपरस्तों को जो मुहंतोड़ जवाब हमारे सैनिकों ने दिया उससे पूरे देश का सिर गौरव के साथ ऊंचा हो गया। ये तो अच्छा हुआ कि हमने धैर्य दिखाते हुए केवल आतंकवादियों का सफाया किया। नहीं तो हमारी सेनाएं क्या कुछ करने में सक्षम नहीं हैं। इसका अंदाजा पूरी दुनिया को अब हो चुका है।

# IAS एकेडमी डायरेक्टर का अपहरण

**भोपाल.** भोपाल में 9 बदमाशों ने बुधवार दोपहर दिल्ली की IAS एकेडमी की डायरेक्टर को किडनैप कर लिया। 4 घंटे बंधक बनाकर रखा। कनपटी पर पिस्टल सटाकर करीब 1 करोड़ 89 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए।

वारदात के बाद मास्टरमाइंड प्रियंक शर्मा विदेश भागने की तैयारी में था, लेकिन रविवार को भोपाल एम्स से पकड़ा गया। मास्टरमाइंड के साथ 5 सहयोगी भी पकड़े गए हैं, जबकि 3 आरोपी फरार हैं।

पुलिस के मुताबिक, वारदात को अंजाम देने वाला कोई बाहरी नहीं, बल्कि उसी संस्थान की फ्रेंचाइजी चलाने वाला युवक है। आरोपी भेल के एक रिटायर्ड अधिकारी का बेटा है। वह पहले दिल्ली में रहकर आईएएस कोचिंग के जरिए UPSC की तैयारी कर चुका है।

डायरेक्टर शुभ्रा रंजन के मुताबिक आरोपी ने भोपाल में कोचिंग की दूसरी ब्रांच खोलने और उस जगह का निरीक्षण कराने के बहाने उन्हें बुलाया। वह दिल्ली से भोपाल आई थीं। वह शहर के एक नामी होटल ताज में ठहरी थीं।

बुधवार को आरोपी प्रियंक शर्मा उन्हें होटल से 2-3 बजे के करीब अपने साथ ले गया। इसके बाद बागसेवनिया इलाके के एक फ्लैट में ले जाकर बंधक बना लिया। जान से मारने की धमकी दी। कनपटी पर पिस्टल रखी।

उल्हास विकास
लोकप्रिय हिंदी दैनिक



## संक्षेप...

### कार की टक्कर से बच्चे की मौत

**नवी मुंबई.** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर हुए एक हादसे में 6 महीने के बच्चे की मौत हुई. यह दुर्घटना उस समय हुई जब आदई गांव के पास एक महिला अपने बच्चे के साथ सड़क पार कर रही थी, तभी उसे एक कार ने टक्कर मार दी. यह घटना आदई गांव में रहने वाली सुवर्णा शंकर काले नामक महिला के साथ हुई, जो अपने 6 महीने के बच्चे के साथ एक्सप्रेसवे पार कर रही थी. तभी उसे एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी. दोनों को तुरंत कामोठे के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां डॉक्टरों ने उपचार से पहले बच्चे को मृत घोषित किया.

# विधान परिषद चुनाव निर्विरोध!

### ■ निर्दलीय उम्मीदवारों के आवेदन खारिज

मुंबई. विधान परिषद के दो साल में होने वाले चुनाव में BJP के पांच, शिवसेना शिंदे ग्रुप के दो, और नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी अजीत पवार ग्रुप और शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के एक-एक उम्मीदवार के चुनाव आवेदन शनिवार को सही पाए गए। जबकि चार इंडिपेंडेंट उम्मीदवारों के आवेदन खारिज कर दिए गए। इसलिए, चुनाव बिना किसी विरोध के होना निश्चित है और जीतने वाले उम्मीदवारों की घोषणा सोमवार को की जाएगी।

विधान परिषद चुनाव में 9 सीटों के लिए कुल 17 नॉमिनेशन पेपर दाखिल किए गए थे। राजनीतिक पार्टियों के चार उम्मीदवारों ने दो-दो आवेदन दाखिल किए थे। इसके अलावा, चार लोगों ने इंडिपेंडेंट के तौर पर आवेदन दाखिल किए थे। इन नॉमिनेशन पेपर की आज जांच की गई। जांच के दौरान राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवारों के आवेदन सही पाए गए। जबकि चार इंडिपेंडेंट उम्मीदवारों के आवेदन अमान्य घोषित किए गए क्योंकि उनके पास नॉमिनेटर और एंडोर्सर नहीं था।



**महाराष्ट्र को कौन से 10 MLA मिले?**

**भाजपा विधायक**
- प्रज्ञा सातव
- प्रमोद जठर
- संजय भेंडे
- माधवी नाइक
- विवेक कोल्हे
- सुनील कर्जतकर

**शिवसेना MLA**
- बच्चू कडू
- नीलम गोरहे

**राकांपा (अप ग्रुप)**
- जीशान सिद्दीकी

**शिवसेना (उबाठा)**
- अंबादास दानवे

# न्यू होराइजन के डायरेक्टर और पेरेंट्स के प्रतिनिधियों का सुलझा



**ठाणे.** एकेडमिक ईयर शुरू होने से पहले, कई स्कूलों में फीस बढ़ोतरी, यूनिफॉर्म खरीद, किताब खरीद, सिलेबस से जुड़ी आपत्तियां, अलग-अलग एक्टिविटी के लिए अलग-अलग चार्ज, टीचरों की लापरवाही की शिकायतों जैसे कई मुद्दों पर पेरेंट्स और डायरेक्टर आपस में भिड़ जाते हैं।सीबीएसई स्कूलों समेत कई स्कूलों के पेरेंट्स बड़ी संख्या में विधायक संजय केलकर से मिले। सरस्वती स्कूल राबोडी में समस्या और आपत्तियां फीस बढ़ोतरी को लेकर थीं, जिन्हें सुलझा लिया गया है, और हाल ही में होराइजन स्कूल को लेकर संस्था के डायरेक्टरों और पेरेंट्स के प्रतिनिधियों की एक मीटिंग हुई थी।विधायक संजय केलकर ने कहा कि इस मीटिंग में सभी शिकायतों पर चर्चा की गई और पेरेंट्स द्वारा उठाए गए मुद्दों को सुलझाया गया।विधायक केलकर ने अपील की है कि सीबीएसई स्कूल सरकारी सर्कुलर से बाहर जाकर मनमानी न करें और नियमों के बाहर कोई चार्ज न लगाएं।

# एकनाथ शिंदे क्रिकेट क्लब ने ठाणे ज़िले में हैट्रिक के साथ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा




**ठाणे.** स्पोर्टिंग क्लब कमेटी द्वारा ठाणे के सेंट्रल ग्राउंड में आयोजित 39वें डॉ. श्रीधर देशपांडे मेमोरियल वसंतिक क्रिकेट टूर्नामेंट के फ़ाइनल मैच में, एकनाथ शिंदे क्रिकेट क्लब ने इंदप अकादमी क्रिकेट टीम को 7 विकेट से हराकर लगातार तीसरी बार चैंपियनशिप जीतकर हैट्रिक बनाई।टॉस जीतकर, एकनाथ शिंदे क्रिकेट क्लब ने पहले फ़ील्डिंग करने का फ़ैसला किया।

इंदप अकादमी टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 146 रन बनाए। इस इनिंग में विक्की पाटिल ने 59 बॉल में 75 रन बनाए, जबकि ओमकार रहाटे ने 39 बॉल में 41 रन का योगदान दिया। सिद्धांत सिंह (4-0-18-3), हेमंत बुचड़े (4-0-15-1) और अमित पांडे (4-0-26-1) ने अच्छी बॉलिंग की और अपनी विरोधी टीम को कम स्कोर पर रोक दिया।

146 रन के टारगेट का पीछा करते हुए, एकनाथ शिंदे क्रिकेट क्लब ने ज़बरदस्त बैटिंग की और सिर्फ़ 16 ओवर में 3 विकेट खोकर मैच जीत लिया। आशय सरदेसाई ने 46 बॉल में 62 रन बनाए, जबकि चिन्मय सुतार ने 41 बॉल में 73 रन बनाकर टीम को आसान जीत दिलाई।मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के कॉर्पोरेटर और एपेक्स काउंसिल मेंबर विकास रेपाले की गाइडेंस में, एकनाथ शिंदे क्रिकेट क्लब ने लगातार 11 बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई है, जिसमें से 9 बार चैंपियनशिप जीती है। इस कामयाबी ने ठाणे ज़िले की क्रिकेट दुनिया में टीम की जीत की परंपरा को और मज़बूत किया है। राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने इस शानदार उपलब्धि के लिए टीम और खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके प्रदर्शन की तारीफ की।

### वागले इस्टेट इलाके में तेंदुए की दहशत

**ठाणे.** ठाणे शहर के वागले इस्टेट इलाके में संजय गांधी नेशनल पार्क से सटे कैलाश नगर इलाके में एक तेंदुआ दिखाई दिया है. जिसका वीडियों वायरल होने के बाद इलाके के लोगों में डर का माहौल बन गया है . प्रशासन एवं स्थानीय नगरसेवक ने लोगों को सावधान रहने एवं शांति बनाये रखने की अपील की है. संजय गांधी नेशनल पार्क का इलाका ठाणे शहर तक फैला हुआ है. वागले इस्टेट , येउर और घोड़बंदर से नेशल पार्क की सीमा सटी हुई है. जहाँ पर तेंदुआ समेत कई जानवर और पक्षी पाए जाते हैं. इसके पहले भी कैलाश नगर , उपवन , वसंत विहार जसे इलाके में तेंदुए देखे गए हैं. कई बार कुत्तों व अन्य जानवरों को तेंदुए ने अपना शिकार बनाया है.

# अचानक ब्रेक लगने से एक्सीडेंट

### ■ ट्रैफिक पुलिस ने जान बचाई



**ठाणे.** ट्रैफिक पुलिस की मुस्तैदी और सूझबूझ की वजह से सोमवार दोपहर ईस्टर्न एक्सप्रेसवे पर कोरम मॉल के सामने फ्लाईओवर पर हुए चेन एक्सीडेंट में एक बड़ा हादसा टल गया। एक्सीडेंट तब हुआ जब मुंबई की ओर जा रही गाड़ियों ने अचानक ब्रेक लगा दिए, और पुलिस टेम्पो ड्राइवर की जान बचाने में कामयाब रही।

सोमवार दोपहर करीब 1:30 बजे, मुंबई की ओर जा रही एक गाड़ी ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे पीछे से आ रही चार से पांच गाड़ियां आपस में टकरा गईं, जिससे चेन एक्सीडेंट हो गया। इस टक्कर में एक टेम्पो ने अपने आगे वाली गाड़ी को ज़ोर से टक्कर मार दी और ड्राइवर टेम्पो में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया।एक्सीडेंट की जानकारी मिलते ही ट्रैफिक पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, ट्रैफिक पुलिस ने लोगों की मदद से बचाव अभियान शुरू किया। टेम्पो में फंसे ड्राइवर को बहुत सावधानी से बाहर निकाला गया।

पुलिस उपायुक्त (ट्रैफ़िक) पंकज शिरसाठ के गाइडेंस में, कोपरी और वागले एस्टेट ट्रैफ़िक ब्रांच की टीमों ने कोऑर्डिनेट किया और घायल ड्राइवर को तुरंत इलाज के लिए भेजा। इस समय, वागले एस्टेट ट्रैफ़िक ब्रांच के सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर कृष्णा कोंकणी, कोपरी ट्रैफ़िक ब्रांच के सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर दिलीप पाटिल ने अधिकारियों और स्टाफ़ के साथ मिलकर मेहनत से काम किया और रेस्क्यू ऑपरेशन को सफल बनाया।

**शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे की जन्म शताब्दी के मौके पर**

# भिवंडी में हेल्थ कैंप लगाया गया




**भिवंडी.** शिवसेना प्रमुख हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे की जन्म शताब्दी के मौके पर शुक्रवार, 1 मई को महाराष्ट्र दिवस और मज़दूर दिवस के मौके पर भिवंडी में शिवसेना के सेंट्रल ऑफिस में नागरिकों के लिए एक फ्री हेल्थ कैंप लगाया गया।

जिला प्रमुख कुंदन पाटिल के मार्गदर्शन में, भिवंडी पूर्व और भिवंडी पश्चिम विधानसभा जिला प्रमुख उमेश कोंडलेकर के नेतृत्व में, शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे और लाइफ लाइन हिजामा सेंटर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन वरिष्ठ शिवसैनिक सुखदेव तेजे, पूर्व शहर प्रमुख की पत्नी चांदनी प्रकाश शेटे, प्रमोद (मामा) पुण्यार्थी, चक्रधर पाटिल, दयाराम पाटिल और बजरंग भोईर ने छत्रपति शिवाजी महाराज की अर्ध प्रतिमा, दिवंगत हिंदू हृदय सम्राट शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे और दिवंगत धर्मवीर आनंद दिघे साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। आयुर्वेदिक उपचार, मुफ्त दवाइयों और विभिन्न उपचारों की मदद से गठिया, रीढ़ की हड्डी के विकार, थायराइड, मधुमेह, अस्थमा, हृदय रोग, त्वचा के विकार, महिलाओं की मासिक धर्म की शिकायतें, पक्षाघात, मानसिक बीमारी, बवासीर, गुर्दे की पथरी, कमजोरी का इलाज कपिंग थेरेपी, कोरियन मेंटल थेरेपी, फ्लेम थेरेपी, सुई थेरेपी और हड्डी सेटिंग जैसी विभिन्न चिकित्साओं के साथ किया गया।

इस मौके पर भिवंडी वेस्ट विधानसभा स्पीकर प्रदीप बोडके, भिवंडी ईस्ट विधानसभा स्पीकर गजेंद्र गुलवी, सिटी डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजर महेंद्र कुंभारे, मोहन बल्लाल, नाना झलके, अरुण पाटिल, महिला डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजर दीपाली जैन, सिटी ऑर्गेनाइजर स्वाति भावार्थे समेत बड़ी संख्या में शिवसेना के पदाधिकारी, शिव सैनिक और नागरिक शामिल हुए। समीर खिस्मतराव, वैभव (भाऊ) काठवाले ने इस हेल्थ कैंप को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की।

### सांताक्रूज़-चेंबूर लिंक रोड प्रोजेक्ट अंतिम चरण में

**मुंबई.** मुंबई में ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने वाला सांताक्रूज़-चेंबूर लिंक रोड (SCLR) प्रोजेक्ट अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (MMRDA) इस 11 किलोमीटर लंबे सिग्नल-फ्री कॉरिडोर को जल्द पूरा करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है।

हाल ही में इस प्रोजेक्ट में एक अहम उपलब्धि हासिल की गई है, जहां बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (BKC) और वाकोला के बीच अंतिम संरचनात्मक हिस्से (span) को सफलतापूर्वक स्थापित किया गया। यह कनेक्टिंग हिस्सा भले ही छोटा हो, लेकिन पूरे कॉरिडोर को जोड़ने में इसकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

इस परियोजना के पूरा होने के बाद मुंबई के पश्चिमी और पूर्वी उपनगरों के बीच यात्रा और अधिक तेज और सुगम हो जाएगी। खासतौर पर सांताक्रूज़, वाकोला, कलीना, कुर्ला और चेंबूर जैसे इलाकों में ट्रैफिक दबाव कम होने की उम्मीद है।

# लोकमान्य सावरकरनगर प्रभाग समिति में बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया

### ■ नागरिकों ने भी अभियान में उत्साह दिखाया



**ठाणे.** मेयर शर्मिला पिंपलोलकर के मार्गदर्शन में मनपा के माध्यम से शहर के अलग-अलग वार्डों में बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। आज मनपा के लोकमान्य सावरकर प्रभाग समिति के तहत वार्ड नंबर 14 में बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में अलग-अलग डिपार्टमेंट्स के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर सफाई की गई। इस अभियान की शुरुआत सफाई की शपथ लेकर की गई।इस सफाई अभियान मे स्थानीय नगरसेवक दिलीप बारटक्के,नगरसेवक राकेश शिंदे,नगरसेविका कंचन चिंदरकर, शीतल धमाले मौजूद थे। साथ ही, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के करीब 120 वर्कर्स ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अभियान के लिए 2 टॉयलेट क्लीनिंग जेटिंग गाड़ियां, 2 आर्यन जेटिंग गाड़ियां अरेंज की गई थीं।लोकमान्य डिपो से ज्ञानोदय विद्यालय से पुराने डिपो, लोकमान्य डिपो से आईमाता और भगवती विजय अपार्टमेंट क्षेत्र, लोकमान्य डिपो से पंचमुखी सोसायटी, डेनिस कंपाउंड से गोकुल डेयरी क्षेत्र, लोकमान्य डिपो से लोकमान्य पुराने डिपो क्षेत्र की अंदरूनी सड़कें और गलियां, लोकमान्य सर्किल डिपो क्षेत्र, यशोधन नगर से ठाकुर कॉलेज से महात्मा फुले गार्डन क्षेत्र, आईमाता से वर्तकनगर नाका और वर्तकनगर नाका से विजयनगर नाला क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया।इस अभियान के दौरान कुल 7 टन कचरा और मिट्टी एकत्र की गई। सफाई अभियान में निर्माण विभाग, अतिक्रमण विभाग, उद्यान विभाग, ड्रेनेज विभाग और घनकचरा प्रबंधन विभाग ने समन्वय से काम किया। इस अवसर पर कार्यकारी अभियंता संदीप सावंत, सभी अभियंता, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक शयुराज कांबले, उप मुख्य स्वच्छता निरीक्षक राजेश वलवी के साथ-साथ सभी स्वच्छता निरीक्षक, मुकदम और सफाई कर्मचारी मौजूद थे।

### भिवंडी ग्रामीण में स्व-गणना शुरू

**भिवंडी.** देश भर में राष्ट्रीय जनगणना कार्यक्रम शुरू हो गया है। महाराष्ट्र में 1 मई से स्व-गणना कार्यक्रम के साथ यह काम शुरू किया गया है। पहली बार डिजिटल रूप से आयोजित किए जा रहे इस राष्ट्रीय जनगणना कार्यक्रम में प्रत्येक नागरिक को 1 से 15 मई के बीच स्व-गणना करनी है। तहसीलदार अभिजीत खोले ने सभी से इसमें भाग लेने की अपील की है। भिवंडी तालुका में 852 प्रगणक समूह बनाए गए हैं, जिनके माध्यम से 16 मई से 14 जून के बीच दूसरे चरण में प्रगणकों द्वारा घरों की सूची और घरों की जनगणना की जाएगी। नागरिकों को अपनी और अपने परिवार की पूरी जानकारी पोर्टल https://se.census.gov.in/ पर भरकर अपडेट करनी है। हालांकि, तहसीलदार अभिजीत खोले ने नागरिकों से अपने परिवार की जानकारी भरकर राष्ट्रीय जनगणना में भाग लेने की अपील की है।

# शाहरुख का हाथ पकड़े नजर आईं दीपिका



बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान फिल्म 'किंग' की शूटिंग कर रहीं हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर दीपिका और शाहरुख खान की कुछ तस्वीरें वायरल हुई हैं। ये तस्वीरें साउथ अफ्रीका के केपटाउन की हैं। शूटिंग के दौरान दीपिका के लुक की काफी चर्चा हो रही है। फैंस ने दीपिका की ड्रेस को सर्च करना शुरू किया तो पता चला उन्होंने 23,537 रुपए (248 डॉलर) की ड्रेस पहनी हुई थी।

ड्रेस की असली कीमत करीब 47 हजार रुपए थी, लेकिन फिलहाल यह 50% डिस्काउंट पर मिल रही थी। हालांकि,अब यह ड्रेस वेबसाइट पर आउट ऑफ स्टॉक हो चुकी है।

### 6वीं बार साथ दिखेंगे शाहरुख-दीपिका

शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की यह साथ में छठी फिल्म होगी। इससे पहले यह जोड़ी 'ओम शांति ओम', 'चेन्नई एक्सप्रेस', 'हैप्पी न्यू ईयर' और 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में नजर आ चुकी है। फिल्म 'किंग' में शाहरुख की बेटी सुहाना खान भी लीड रोल में नजर आएंगी।

### प्रेग्नेंसी में भी शूट कर रहीं दीपिका

■ ये तस्वीरें ऐसे समय में सामने आई हैं जब दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की जानकारी फैंस के साथ शेयर की है। दीपिका ने 19 अप्रैल को इंस्टाग्राम पर एक फोटो पोस्ट की थी, जिसमें उनकी बेटी दुआ उनकी गोद में बैठी है और हाथ में प्रेग्नेंसी टेस्ट किट पकड़े हुए है।

# बचपन कंक्रीट के नीचे दब रहा, ठाणे मिट्टी खो रहा



**ठाणे.** शहर में जहां एक तरफ 'स्मार्ट सिटी' के तहत विकास कार्य चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ ठाणे शहर की मिट्टी को सीमेंट-कंक्रीट की परत के नीचे दबाया जा रहा है, पर्यावरणविद डॉ. प्रशांत सिनकर ने आरोप लगाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक इस विषय को लेकर निवेदन दिया है, जिसमें उन्होंने यह चौंकाने वाला डर जताया है कि भविष्य में, छात्रों को मिट्टी देखने के लिए 'ट्रिप' आयोजित करने होंगे क्योंकि मिट्टी खुद गायब हो रही है।ठाणे में विकास के नाम पर हो रही बहुत ज़्यादा कंक्रीटिंग ने मिट्टी की प्राकृतिक सांस लेना बंद कर दिया है। पेड़ों की जड़ों तक सीमेंट डाला जा रहा है, और बारिश का पानी ज़मीन में रिसने के बजाय सड़कों पर जमा हो रहा है। नतीजतन, शहर शहरी बाढ़ और बढ़ते तापमान के दोहरे संकट का सामना कर रहा है।डॉ. सिनकर ने अपने बयान में साफ़-साफ़ कहा है कि, "जिस मिट्टी ने शहर को सहारा दिया, आज वही सीमेंट के नीचे दबी जा रही है। यह स्थिति न सिर्फ़ पर्यावरण के लिए, बल्कि अगली पीढ़ी के लिए भी खतरनाक है।" उन्होंने स्मार्ट सिटी के नाम पर प्रकृति की बलि तुरंत रोकने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया है।इसी बैकग्राउंड में, उन्होंने कुछ सस्टेनेबल सॉल्यूशन सुझाए हैं। उन्होंने शहर में फुटपाथ और खुली जगहों को पानी सोखने लायक तरीके से डेवलप करने, पेड़ों की जड़ों से कंक्रीट हटाने, रेनवॉटर हार्वेस्टिंग और सोक पिट्स को ज़रूरी बनाने और शहर में कंक्रीटिंग का इंडिपेंडेंट एनवायरनमेंटल रिव्यू करने पर ज़ोर दिया है।



### आम सूचना

मैं श्री कैलाश सुरेश थारवाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि ऑफिस, 1ला माला, पोर्शन आफ रुम नं. 1, बैरक नं. 502, उल्हासनगर- 2 (टैक्स नं. 28बीआय004933200) उक्त प्रॉपर्टी श्री सुरेश अमरलाल थारवाणी व श्रीमती हर्षिता संजू परियाणी के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट 27.4.2026 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री कैलाश सुरेश थारवाणी**

### आम सूचना

मैं श्रीमती पूजा विष्णू उदासी सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 601, छठा माला, शिव नैना पैलेस को.आप. सो.लि. रुम नं. 239-240, ब्लॉक नं. सी 64, सी ब्लाक रोड, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 09एआय007551400) उक्त प्रॉपर्टी श्री मनिष सुरेश आहुजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 1.1.2026 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती पूजा विष्णू उदासी**

### आम सूचना

हम श्री मुकेश रमेशलाल वाधवाणी व श्रीमती आशा रमेशलाल वाधवाणी सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम नं. 5, बैरक नं. 308-ए, उल्हासनगर- 2 (टैक्स नं. 20बीआय004370200) उक्त प्रॉपर्टी श्री राजकुमार श्रीचंद मोटवाणी व श्री गीता राजकुमार मोटवाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 12.4.2021 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री मुकेश रमेशलाल वाधवाणी व श्रीमती आशा रमेशलाल वाधवाणी**

### आम सूचना

मैं श्रीमती कबीता बीबी नवसाद एसके सभी को सूचित कर रही हूं कि हाऊस, ग्राऊंड+1ला माला, सुभाष नगर, लक्ष्मी कंपाऊंड, चर्च के पास, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 27बीओ004902400) उक्त प्रॉपर्टी श्री तुडीप्रकाश सोडी प्रकाश मुदलियार के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 29.4.2026 सी.नं. 656 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती कबीता बीबी नवसाद एसके**

### आम सूचना

हम श्री महेश सनमुखदास ढावाणी व श्री संजय सुदामा आयलानी सभी को सूचित कर रहे हैं कि प्रापर्टी आन रुम नं. 38, बैरक नं. 1065, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर- 3 (टैक्स नं. 37सीआय006722900) उक्त प्रॉपर्टी श्री अशाराम हरूमल भोजवानी व श्री नरेंद्र कृपालदास राजपाल के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 1.5.2026 सी.नं. 6/76 द्वारा हमें दी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री महेश सनमुखदास ढावाणी व श्री संजय सुदामा आयलानी**

### आम सूचना

मैं डॉ. राबी नारायण महापात्रा सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 4, भारती अपार्टमेंट्स, पंजाबी कॉलोनी, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 27बीओ004736600) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती परमेश्वरी हुकुमतराय राजाई के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 17.12.1993 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**डॉ. राबी नारायण महापात्रा**

### आम सूचना

मैं श्री शिवमंगल रामनिरंजन पांडेय सभी को सूचित कर रहा हूं कि अपर का भाग, रुम नं. 3, 360 चौ.फुट, बैरक नं. 970, स्टेशन रोड, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 34सीओ21768100) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती दीपा गिरधारीलाल पंजाबी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 7.9.2024 सी.नं. 1775 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री शिवमंगल रामनिरंजन पांडेय**



यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099